रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

पंजीकृत कार्यालय : कोर-4, स्कोप कांप्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली

दूरभाष सं. 24365161, फैक्सः 24360644 ईमेलः reccorp@recl.nic.in

ग्राम आरईसीटीआरआईसी

वेबसाइट : recindia.com & recindia.nic.in

सं.आरईसी/वित्त/संसाधन/ दिनांक : 16 जुलाई, 2010

सेवा में,

विषयः रिटेनरशिप आधार पर वित्तीय परामर्शदाता - जोखिम प्रबंधन की नियुक्ति

प्रिय महोदय,

रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कारपोरेशन (आरईसी) एक नवरत्न कंपनी है और उसे क्रिसिल, केयर, फिच और इकरा द्वारा 'एएए' रेटिंग दी गई है, जो इसके घरेलू उधार कार्यक्रम के लिए सर्वोच्च रेटिंग है क्रमशः मूडी और फिच द्वारा इसे 'बीएए3' और 'बीबीबी' की अंतरराष्ट्रीय रेटिंग भी दी गई है, जो भारत की सावरेन रेटिंग के समान है।

आरईसी को विभिन्न बैंकों/बहुपक्षीय एजेंसियों से विदेशी मुद्रा की सुविधा मिली हुई है और जोखिम शमन के लिए उसने विभिन्न स्वैप ट्रंसैक्शंस किए हैं। आरईसी के कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, एक वित्तीय परामर्शदाता - जोखिम प्रबंधन की नियुक्ति करने का प्रस्ताव है ताकि उसकी विशेषज्ञतापूर्ण सलाह मिल सके और उत्पादन तथा जोखिम कम करने के तरीकों के अद्यतन उपलब्ध उपायों/तकनीकों का लाभ भी मिल सके। मोटे तौर पर परामर्शदाता के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य आएंगे

क) जोखिम प्रबंधन

ख) परिसंपत्ति देयता प्रबंधन (एएलसीओ)

ग) फोरेक्स एडवाइजरी

घ) डेरीवेटिव एडवाइजरी

ड़) हेजिंग एडवाइजरी

उपर्युक्त कार्यों के साथ-साथ परामर्शदाता के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित अन्य मदें भी शामिल होंगी, जैसे

- डिरिवेटिव/स्वैप ट्रंसैक्शंस से संबंधित विनियामक/रिपोर्टिंग संबंधी अपेक्षाओं पर सलाह देना।

- आरईसी के वर्तमान/भावी एफएक्स ट्रंसैक्शंस/संव्यवहारों के संबंध में सलाह देने के लिए परामर्शदाता के रूप में कार्य करना।

- कीमत का परिकलन/मूल्यांकन करने के संबंध में सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके कीमत/मूल्य तय करने में आरईसी को सहायता देना।

- प्रतिपक्षकारों के साथ आईएसडीए दस्तावेजों को अंतिम रूप देना।

- प्रतिपक्षकारों के साथ निष्पादित संव्यवहारों की पुष्टि करने में सहायता देना।

- आरईसी के वर्तमान एफएक्स और स्वैप ट्रंसैक्शंस का समय-समय पर मार्क-टू-मार्किट मूल्यांकन करना और जोखिम कम करने के संबंध में सलाह भी देना।

- एएलसीओ के लिए विभिन्न प्रारूपों/रिपोर्टों की तैयारी में मदद करना।

- उधार के विभिन्न विकल्पों और उनसे संबंधित कीमत के ढांचे के संबंध में निर्णय लेने में राय देना।

उपर्युक्त के संबंध में आपसे अनुरोध है कि आप रिटेनरशिप आधार पर उक्त कार्य के लिए अपने सब मिलाकर मासिक शुल्क का कोटेशन देने की कृपा करें। शुल्क की अदायगी तिमाही आधार पर की जाएगी। लागू सेवा कर, यदि कोई हो, अदा किया जाएगा। आपको आवश्यकतानुसार आरईसी के कार्यालय में आना होगा।

आरईसी के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में आने पर आपको वास्तविक इकोनामी क्लास के हवाई जहाज के भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी। रिटेनरशिप आधार पर परामर्शदाता की उक्त नियुक्ति शुरू में एक वर्ष के लिए किए जाने का प्रस्ताव है, जिसे परस्पर सहमत शर्तों पर बढ़ाया भी जा सकता है।

रिटेनरशिप आधार पर आरईसी के वित्तीय सलाहकार - जोखिम प्रबंधन के रूप में कार्य करने की आपकी इच्छा और आपकी फीस की सूचना एक मुहरबंद लिफाफे में 2 अगस्त, 2010 के अपराह्न

4.00 बजे तक या उससे पहले इस कार्यालय को भेजी जाए। इस लिफाफे पर 'आरईसी के वित्तीय सलाहकार - जोखिम प्रबंधन के रूप में कार्य करने के लिए सहमति' लिखा होना चाहिए। अपने प्रस्ताव का पत्र महाप्रबंधक (वित्त), आरईसी लिमिटेड को संबोधित करें।

आरईसी को अधिकार है कि वह बिना कोई कारण बताए इस प्रस्ताव को स्वीकृत/अस्वीकृत कर सकता है/इसमें सुधार कर सकता है।

यदि इस संबंध में कोई अन्य जानकारी चाहें, तो श्री अवनीश भारती, सहायक प्रबंधक (वित्त) से ई-मेल akbharati@recl.nic.in पर या टेलीफोन नंबर 011-43091592/मोबाइल 9868140099 पर संपर्क कर सकते हैं।

धन्यवाद सहित,

(विजय कुमार)

उप महाप्रबंधक (वित्त)

ई-मेल: vij_kr1960@yahoo.co.in

011-24313978